दिनांकः 02.04.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित किया–नागरिक केन्द्रित प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता पर बल दियां

- केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर 30 जून तक 40 महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क से छूट दीं

- राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रदेश में ग्राम पंचायत और निकाय चुनाव समय पर नहीं कराने को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कियें

- प्रदेश में कई स्थानों पर मौसम में अचानक बदलाव से आंधी–बारिश–कहीं–कहीं ओले भी गिरें

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है, जो कुशलता के साथ–साथ नागरिक–केंद्रित भी हों उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए आज एक वीडियो संदेश में यह बात कहीं वर्तमान शासन को 'नागरिक देवो भव' के मंत्र से निर्देशित बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका स्पष्ट उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना हैं

..............

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी राष्ट्र की शक्ति उसकी संस्थाओं की क्षमता में निहित होती है और उस क्षमता को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं

000

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण दुनियाभर में कच्चे तेल की आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच 30 जून तक 40 महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क में छूट दी हैं वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यह निर्णय घरेलू उद्योगों में आवश्यक पेट्रोकेमिकल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अस्थायी रूप में लिया गया हैं मंत्रालय ने कहा कि इससे संबंधित क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम होगा और आपूर्ति में स्थिरता आएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगीं मंत्रालय ने कहा कि कुल चालीस वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दी गई हैं

000

विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने स्पष्ट किया है कि सभी उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं हैं आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता प्रीपेड स्मार्ट मीटर का विकल्प चुनते हैं, तो इससे न केवल उपभोक्ताओं को बल्कि राज्यों और बिजली कंपनियों को भी लाभ होगां

..............

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकारी परियोजनाओं में आधुनिक तकनीक और डिजिटल मैपिंग को बढ़ावा देने के संबंध में आज जयपुर में महत्वपूर्ण बैठक लीं मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू–सूचना विज्ञान संस्थान यानी 'बाइसेग–एन' के माध्यम से सरकारी कामकाज में अंतरिक्ष तकनीक के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गईं

इससे पहले मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 'माय भारत पोर्टल' के माध्यम से प्रदेश में संचालित गतिविधियों की समीक्षा बैठक लीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की युवा शक्ति के कल्याण और उन्हें सशक्त बनाने के लिए इस पोर्टल के तहत अधिक से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएं

000

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने आज डीग में एक जिला–एक उत्पाद नीति के तहत नवनिर्मित मार्बल मूर्ति प्रदर्शनी स्थल का लोकार्पण कियां इससे स्थानीय शिल्पकारों और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए एक मंच मिलेगां गृह राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार प्रतिभाशाली शिल्पकारों के कौशल को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर ले जाने के लिए प्रयास कर रही हैं

000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रदेश में ग्राम पंचायत और निकाय चुनाव समय पर नहीं कराने को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया हैं हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायमूर्ति शुभा मेहता की खंडपीठ ने राज्य के निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह और निर्वाचन विभाग के सचिव राजेश वर्मा से चार सप्ताह में इसका जवाब मांगा हैं अदालत ने यह आदेश पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान दियां

याचिका में दलील दी गई कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद, चुनाव आयोग की मौजूदा तैयारी के अनुसार 15 अप्रैल तक चुनाव होना संभव नहीं हैं सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने पक्ष रखते हुए अदालत को सूचित किया कि सरकार चुनाव की इस समय सीमा को आगे बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र पेश कर रही हैं उन्होंने चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी व्यावहारिक परिस्थितियों का हवाला दियां

000

प्रदेश में किसानों को खरीफ बुवाई के दौरान गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं ये अभियान 30 अप्रेल तक चलेगां कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने बताया कि अभियान के तहत खाद और उर्वरक वितरण को सुव्यवस्थित किया जा रहा हैं साथ ही विशेष रूप से अनुदानित यूरिया के गैर–कृषि और औद्योगिक उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के लिए व्यापक निरीक्षण और प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही हैं

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे ने दो दिन पहले खत्म हुए वित्तीय वर्ष में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि बीते वित्तीय वर्ष में साढ़े 18 करोड़ यात्रियों ने सफर किया, जो कि पिछले साल की तुलना में करीब साढ़े 5 प्रतिशत ज्यादा हैं उन्होंने बताया कि 8 हज़ार 622 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो कि पिछले साल की तुलना में साढ़े 7 प्रतिशत अधिक हैं

श्री अमिताभ ने बताया कि यात्री सुविधाओं में भी बेहतरीन काम हुआ हैं पिछले दो सालों में करीब 100 हाई लेवल स्टेशन बनाने का काम पूरा हुआ और अभी 50 से अधिक हाई लेवल स्टेशन बनाने का काम चल रहा हैं

..............

000

राज्य के खनिज विभाग ने इतिहास में पहली बार दस हजार करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा पार कर नया कीर्तिमान रचा हैं विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 13 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 10 हजार 394 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व जुटाया हैं

अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में एक हजार 163 करोड़ रुपये अधिक हैं उन्होंने बताया कि सिर्फ मार्च महीने में ही एक हजार 506 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व जमा हुआ है, जो अब तक का किसी एक महीने का सबसे बड़ा संग्रहण हैं लक्ष्यों को प्राप्त करने में जैसलमेर, नागौर और करौली जिलों के अधिकारियों का प्रदर्शन सबसे शानदार रहां

000

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संदेश नायक ने आज जयपुर कलेक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण कियां पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री नायक ने कहा कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को धरातल पर उतरना और पारदर्शी प्रशासन देना उनकी प्राथमिकताएं रहेंगीं

..............

उधर, सलूंबर में नए जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पीपी ने भी आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया हैं पद संभालने के बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिएं

000

प्रदेश में कई स्थानों पर मौसम में अचानक आये बदलाव से आंधी के साथ बारिश हुईं नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण श्रीगंगानगर, जैसलमेर और हनुमानगढ़ सहित पश्चिमी राजस्थान के जिलों में मेघ गर्जना के साथ बौछारें पड़ीं श्रीगंगानगर के कुछ गांवों में ओलावृष्टि की भी सूचना हैं

इस मौसमी बदलाव से जहां आमजन को भीषण गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई हैं खेतों में पककर तैयार खड़ी फसलों और मंडियों में रखे अनाज को नुकसान पहुंचने की आशंका हैं जालोर, पाली और बाड़मेर में भी दोपहर बाद तेज हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गईं

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, सीमावर्ती क्षेत्रों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान हैं विभाग ने आगामी घंटों में जोधपुर और बीकानेर संभाग में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी हैं

..............

000